असम के एनसीसी गणतंत्र दिवस दल के कार्यक्रम में

माननीय राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया का संबोधन

दिनांक : 1 फरवरी 2024, गुरुवार	समय : 3.30 PM	स्थान : राज भवन, असम

नमस्कार।

आज यहां आप सभी का स्वागत करते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में आपकी सक्रिय भागीदारी और उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई देता हूं।

मुझे गर्व है कि 29 दिसंबर से 29 जनवरी तक नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस शिविर में आपने अनुशासन, सेवा और राष्ट्रीय एकता के मूल्यों के प्रति अपना समर्पण प्रदर्शित किया और उत्तर पूर्व श्रेत्र का मान बढ़ाया।

मैं एनसीसी उत्तर पूर्व क्षेत्र निदेशालय की प्रशंसा करता हूं कि इसने राज्य के विभिन्न जिलों से प्रतिभावान एनसीसी कैडटों को चुना और एक ऐसा प्रतिनिधित्व तैयार किया, जो वास्तव में हमारे क्षेत्र की विविधता और एकता को दर्शाता है। मैं इसके लिए एनसीसी के उत्तर पूर्व क्षेत्र निदेशालय को बधाई एवं धन्यवाद देता हूं।

मुझे बताया गया है कि गणतंत्र दिवस शिविर एनसीसी गर्ल्स बैंड के लिए 45 जूनियर विंग कैडेटों और 04 रिमाउंट और वेटरनरी कंपनी कैडेटों के साथ कुल 171 कैडेटों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उत्तर पूर्व क्षेत्र का यह विविध समूह प्रतिभा और प्रतिबद्धता की समृद्ध छवि को प्रदर्शित करता है।

मुझे यह जानकर अति प्रसन्नता हुई कि शिविर में 12 में से 11 कैडेटों को प्रतिष्ठित “गार्ड ऑफ ऑनर” के लिए चुना गया, जबकि 23 में से 20 गर्ल्स कैडटों को “कर्तव्य पथ” के लिए चुना गया। यह आपके कौशल और असाधारण समर्पण को दर्शाता है।

यह बात भी गौरवान्वित करती है कि उत्तर पूर्व क्षेत्र की लड़कियों के बैंड ने पहली बार गणतंत्र दिवस शिविर में भाग लिया। इस एनसीसी बैंड ने उत्साह और देशभक्तिपूर्ण भाव के साथ परेड ग्राउंड, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक और कर्तव्य पथ कार्यक्रम के दौरान शानदार प्रदर्शन किया।

आप सभी कैडेटों ने 29 जनवरी, 2024 को आयोजित माननीय प्रधानमंत्री जी की रैली में भाग लेकर राष्ट्रीय सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और एकता की भावना को प्रदर्शित किया है।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी आपने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर उत्तर पूर्व क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। यह जानकर खुशी हुई कि सांस्कृतिक टीम ने समग्र रूप से प्रथम स्थान हासिल किया और सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक टीम का खिताब हासिल किया।

पुनः मैं आपकी उपलब्धियों के लिए आप सभी को बधाई देता हूं और आपके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना देता हूं।

धन्यवाद।

जय हिन्द।